# University in News on 10 May 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### पांच जुलाई तक कॉलेजों को संबद्धता देगा लविवि

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि अब पांच जुलाई तक कॉलेजों को संबद्धता दे सकेगा। सहयुक्तता के प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण के लिए जारी शासनादेश के क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को संशोधित सारिणी जारी की। यह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मौजूद है।

कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने शासन के निर्देशों के क्रम में पत्र जारी करते हुए सहयुक्तता के संबंध में कार्यालय ज्ञापन जारी किया। रजिस्ट्रार ने जारी किए गए पत्र में कहा है कि सभी संबद्ध जिलों हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, लखनऊ व सीतापुर के ऐसे कॉलेजों जिनकी सहयुक्ता 30 जून को समाप्त हो रही है वह निर्धारित शेड्यूल के हिसाब से अपना आवेदन प्रस्ताव विश्वविद्यालय को ऑनलाइन दिखाएं। अन्यथा बाद की स्थिति में वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

#### एनईपी बीए, बीएससी और बीकॉम का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को सभी सहयुक्त महाविद्यालयों में यूजी एनईपी के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को पत्र जारी करते हुए बताया कि जिन पाठ्यक्रमों का कार्यक्रम घोषित किया है उसमें बीए एनईपी, बीकॉम एनईपी और बीएससी एनईपी के कोर्स शामिल हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम में किसी तरह की समस्या आने पर विद्यार्थी परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

## NBT PAGE 6

### जूट से उत्पाद बनाना सीखेंगी महिलाएं

एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्डलाइफ साइंसेज द्वारा ग्रीन स्किल डिवेलपमेंट प्रोग्राम के तहत जूट क्षेत्र में उद्यमिता विषय पर 15 से 18 मई तक कार्यशाला की जाएगी। समन्वयक प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि 25 घरेलू महिलाओं को जूट का इतिहास, प्रोडक्शन, जूट के प्रकार, उपकरण एवं विधि, मार्केटिंग के बारे में बताया जाएगा।

### परीक्षा कार्यक्रम जारी

एनबीटी सं., लखनऊः एलयू से सहयक्त महाविद्यालय की बीए, बीएससी और बीकॉम की नॉन एनईपी इवेन सेमेस्ट-2024 की परीक्षाओं का कार्यक्रम एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सभी परीक्षाएं ओल्ड कैम्पस में होंगी।

### सम्बद्धता पर निर्णय 5 जुलाई तक

एनबीटी सं., लखनऊः एलयू में नए कॉलेज खोलने और पूर्व संचालित कॉलेजों में नए कोर्स शुरू करने संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह के अनुसार भूमि संबंधि अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन करा कर 10 मई तक जमा करना होगा। 22 मई तक ऑनलाइन आपत्ति ली जाएगी। 5 जून तक निरीक्षण मंडल गठित होगा, जो 25 जून तक रिपोर्ट देगा। विवि 5 जुलाई तक ऑनलाइन सम्बद्धता पर निर्णय लेगी।

## JAGRAN CITY PAGE III

### 'समाज विज्ञान के विषयों में मौलिक शोध जरूरी'

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में गुरुवार को मानवाधिकार अवधारणा एवं उसकी चुनौतियां विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य मनावधिकार आयोग चंडीगढ़ के डीजी पुलिस प्रबोध कुमार ने कहा कि मानवाधिकार की चुनौतियों और अवसरों पर समाज विज्ञान के विषयों में मौलिक शोध होने चाहिए।

उन्होंने मानवाधिकार की शुरुआत, नैतिक अधिकारों से उसका जुड़ाव एवं उसकी लोकतांत्रिक मजबूती आदि पर विचार रखे। उन्होंने भारतीय संस्कृति से मानवाधिकार का जुड़ाव एवं इस विषय के संबंध में छात्रों को पढ़ने तथा शोध करने की के लिए प्रेरित भी किया। साथ ही मौलिक अधिकार, कानूनी अधिकार और मानावधिकार अधिकार में आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया।

### 20 तक एनओएसी, पांच जुलाई तक संबद्धता

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए एनओसी एवं सम्बद्धता देने की संशोधित समय सारिणी गुरुवार को जारी कर दी। नए महाविद्यालयों एवं पहले से संचालित महाविद्यालयों में बी.एड को छोड़कर अन्य नए कोर्सों व विषयों के लिए विश्वविद्यालय 20 मई तक अनापत्ति आदेश (एनओसी) आनलाइन जारी करेगा। वहीं, पांच जुलाई तक संबद्धता दी जाएगी।

अभी तक 15 अप्रैल तक अनापत्ति आदेश (एनओसी) और 20 जून तक संबद्धता दिए जाने की अंतिम तिथि तय की गई थी। आनलाइन जमा किए गए प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन 10 मई तक और 20 मई तक एनओसी जारी की जाएगी। एनओसी जारी होने के बाद कालेजों को निरीक्षण मंडल के गठन के लिए पांच जून तक आवेदन करना होगा। निरीक्षण मंडल को 25 जून तक अपनी रिपोर्ट देनी होगी। कालेजों को निर्देश दिए गए हैं निर्धारित समय सारिणी के अनुसार प्रक्रिया पूरी करें।

लवि से जुड़े लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के कालेजों में पूर्व से संचालित ऐसे पाठ्यक्रम (बीएड को छोड़कर) जिनकी सम्बद्धता 30 जून को समाप्त हो रही है। उन्हें आगामी सत्र 2024-25 से स्थायी सहयुक्तता के लिए henoc.upsdc.gov.in पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा।

### एलयू अब पांच जुलाई तक देगा संबद्धता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए कॉलेज खोलने और पूर्व संचालित कॉलेजों में नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें शासन के निर्देश पर कुछ बदलाव किए गए हैं। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी किए गए निर्देशों में कहा गया है कि भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन करा कर 10 मई तक जमा करना होगा। 20 मई तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी होगा। ऑनलाइन आपत्ति के संबंध में 22 मई तक अपील हो सकती है। विश्वविद्यालय को पांच जुलाई तक ऑनलाइन सम्बद्धता देनी होगी।

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू घरेलू महिलाओं को उत्पाद बनाना सिखाएगा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब घरेलू महिलाओं और विद्यार्थियों को जूट से उत्पाद बनाना सिखाया जाएगा। इसके लिए खाका खींच लिया गया है। कुल 25 सीट पर दाखिले लिए जाएंगे। एलयू के इंस्टीट्यूट ऑफ वाइल्डलाइफ साइंसेज की ओर से ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत जूट में उद्यमिता विषय पर 15 से 18 मई तक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिभाग करने वाले लोगों को जूट बैग समेत अन्य उत्पाद बनाना सिखाएंगे।

### मानवाधिकार मानने में आ रहीं चुनौतियां बताईं

लखनऊ। एलयू में समाजशास्त्र विभाग के डीपी मुखर्जी सभागार में पंजाब के मानवाधिकार आयोग महानिदेशक प्रबोध कुमार ने मानव अधिकार अवधारणाएं एवं चुनौतियां पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मानवाधिकार की संकल्पना और उसके ऐतिहासिक विकास के विभिन्न चरणों के बारे में बताया। व्याख्यान में मानवाधिकारों के हनन को लेकर विभिन्न पक्षों को भी सामने रखा।

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू : शोध पुरस्कारों के लिए 100 दावेदार

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बूस्ट पुरस्कार-2022-23 के तहत तीन पुरस्कारों के लिए 100 आवेदन आ चुके हैं. पहली बार इसमें संविदा शिक्षकों भी आवेदन के लिए मौका दिया गया. डीन एकेडमिक प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि एक्लेम, उद्दीपन और प्रोत्साहन अवार्ड के लिए 30 अप्रैल तक करीब 100 आवेदन आए हैं. जल्द ही चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### मानव अधिकारों की चुनौतियों पर मंथन



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। समाजशास्त्र विभाग के डीपी मुखर्जी सभागार में पंजाब कैडर के आईपीएस और पंजाब राज्य के मानवाधिकार आयोग के महानिदेशक प्रबोध कुमार ने मानव अधिकार अवधारणाएं एवं चुनौतियां शीर्षक पर अत्यंत सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के समक्ष मानवाधिकार की संकल्पना तथा उसके ऐतिहासिक विकास के विभिन्न चरणों को रेखांकित करते हुए इसके समाजशास्त्रीय विवेचन पर प्रकाश डाला। प्रबोध कुमार ने डिजिटल प्रस्तुतिकरण के जरिए मानवाधिकारों के हनन को लेकर उपजे विभिन्न पक्षों का समग्र चित्र प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय समाज में मानवाधिकारों के अनुपालन में आ रही समाजिक, आर्थिक और राजनैतिक चुनौतियों पर भी रोशनी डाली। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो.डी.आर.साहू ने विभाग की तरफ से प्रबोध कुमार का स्वागत किया एवं उनके व्याख्यान के अन्त में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लखनऊ विवि से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर कर सकते है ऑनलाइन आवेदन**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सभी कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से एडमिशन होंगे। छात्रों को ऑनलाइन आवदेन करने के लिए कॉलेजों की वेबसाइट पर जाना होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रवेश परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज में स्नातक व परास्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। यहां आवेदन फीस एक हजार रुपये निर्धारित की गई है। वहीं नेशनल पीजी कॉलेज में 26, 27 और 28 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज में 28 जून को प्रवेश परीक्षा होगी। इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई है। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस कॉलेज में प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जून को होगा। इसी तरह से अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, खुनखुन जी पीजी गर्ल्स कॉलेज और महिला पीजी कॉलेज में भी स्नातक के फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। बता दें कि अभी तक यूपी बोर्ड 12वीं और आईएएसी बोर्ड 12वीं का परिणाम तो जारी हो चुका है लेकिन अभी सीबीएसई 12वीं का परिणाम नहीं जारी हुआ है। ऐसे में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया की तिथि आगे भी बढ़ायी जा सकती है।

**▸▸ कॉलेजों की वेबसाइट पर जाकर छात्र-छात्राएं कर सकते है आवेदन**

#### विश्वविद्यालय ने संबद्धता के लिए किया बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में नए कॉलेज खोलने और पूर्व संचालित कॉलेजों में नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें शासन के निर्देश पर कुछ बदलाव किए गए हैं। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी किए गए निर्देशों में कहा गया है कि भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन करा कर 10 मई तक जमा करना होगा। 20 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी कर दिया जाएगा। ऑनलाइन आपत्ति के संबंध में लविवि की ओर से लिए निर्णयों के विरुद्ध शासन में 22 तक अपील की जा सकती है। शासन स्तर से अपील का निस्तारण 25 तक किया जाएगा। इसके बाद एलयू की ओर से 5 जून तक निरीक्षण मंडल का गठन किया जाएगा। निरीक्षण मंडल 25 जून तक अपनी रिपोर्ट देगा। विश्वविद्यालय को 5 जुलाई तक ऑनलाइन संबद्धता प्रदान करनी होगी।